# ब्राह्मण समाज का आक्रोश फूटा, एसपी को ज्ञापन

**बेटियों पर कथित अभद्र टिप्पणी करने वाले आईएएस संतोष वर्मा पर कार्रवाई की मांग**




**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 29 नवम्बर।** जिले में शनिवार को ब्राह्मण समाज का जनआक्रोश खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में समाज के लोग कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक रैली की शक्ल में पहुंचे और आईएएस संतोष वर्मा तथा फूप थाना प्रभारी सत्येंद्र राजपूत सहित संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

**आईएएस संतोष वर्मा की कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन:** ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि सबसे पहले कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण बेटियों को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी पर कड़ा विरोध जताया। समाजजन ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार रंजीत सिकरवार को सौंपते हुए कहा कि ऐसी मानसिकता और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाला अधिकारी पद पर रहने योग्य नहीं है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**फूप में मारपीट और कथित उत्पीड़न पर एसपी ऑफिस में प्रदर्शन:** कलेक्ट्रेट से निकलकर समाजजन एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां फूप कस्बे में दीपक शर्मा और प्रमोद शर्मा के परिवार के साथ हुई कथित मारपीट एवं उत्पीड़न को लेकर उग्र नाराजगी व्यक्त की गई। समाज ने कहा कि इस मामले में फूप थाना प्रभारी सत्येंद्र राजपूत और उनकी टीम के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई की जानी चाहिए। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि टीआई सत्येंद्र राजपूत के संरक्षण में अवैध वसूली और गुंडागर्दी बढ़ रही है। पीड़ित परिवार पर झूठे केस दर्ज किए गए हैं, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।'

**ब्राह्मण महासभा सनातन के प्रदेश अध्यक्ष ने जताया आक्रोश**

मेहगांव। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के प्रदेश अध्यक्ष नाथूराम शर्मा ने आक्रोश व्यक्त करते हुऐ कहा हे कि सरकार व्दारा दोषी आईएएस के खिलाफ उचित कार्यवाही करते हुऐ दंडित नही किया तो अखिल भारती ब्राह्मण महासभा सनातन प्रदेश भर मे प्रत्येक जिले मे उग्र आदोलन करने पर विवश होगी। उन्होने कहा कि अजाक्स के अध्यक्ष आई ए एस संतोष वर्मा द्वारा की गई अशोभनीय अभ्रद्र टिप्पणी बहन बेटियों के प्रति इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग कोई अनपढ भी नही कर सकता जिस प्रकार की अमर्यादित भाषा बहन बेटियों के प्रति एक पढे लिखे आईएएस संतोष वर्मा व्दारा की गई है, इस प्रकार की अमर्यादित भाषा किसी भी प्रकार से क्षम्य नहीं हो सकती, अत: समस्त संभ्रात समाज को इस प्रकार की अमर्यादित भाषा के प्रति गहरा आघात पहुचा है ।

**एकतरफा कार्रवाई से समाज परेशान, ब्राह्मण संगठनों का आरोप:** परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा ने कहा कि जिले में ब्राह्मण समाज के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सुरपुरा थाने में पहले झूठी एफआईआर दर्ज हुई, अब फूप में एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर अत्याचार हो रहा है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। ब्राह्मण समाज के संरक्षक भगवानदास बाबा सेंथिया ने कहा कि आईएएस संतोष वर्मा की सोच समाज में विभाजन पैदा करती है और ऐसे अधिकारी पर तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। वहीं, समाज के पदाधिकारी रमेश दुबे ने कहा कि जिले में ब्राह्मण समाज को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

## बैठक में अनुपस्थित होने पर लहार बी .एम .ओ . को नोटिस



**सभी 6 ब्लॉक के बी .पी .एम . का सात दिवस का वेतन काटा**

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 29 नवम्बर।** कलेक्टर भिण्ड की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार भिण्ड में आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत भिण्ड, सीएमएचओ भिण्ड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बैठक में अनुपस्थित खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लहार को तत्काल कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये, तत्पश्चात 28 नवम्बर को हुई कलेक्टर, कमिश्नर समीक्षा बैठक के बारे में बताया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के समस्त इण्डीकेटर (के.पी.आई.) में सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में कलेक्टर द्वारा पूर्व में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का कार्यवाही विवरण पर चर्चा की गयी जिसमें ब्लॉक लहार, गोहद, फूप से एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी। तत्पश्चात एजेण्डा अनुसार बैठक का संचालन किया गया, अनमोल पोर्टल की पी.पी.टी. का प्रदर्शन किया गया, जिसमें कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जहां ईकेवायसी शतप्रतिशत नहीं हो पा रही है वहां आशा कार्यकर्ता को लाईनलिस्ट दी जाये तथा सी.ई.ओ. जनपद पंचायत को लाईन लिस्ट दी जाये तथा आपसी समन्वय से शत प्रतिशत ईकेवायसी पूर्ण करने हेतु समस्त बी.सी.एम. को सात दिवस का समय दिया गया।

वय वंदना योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए दिनांक 01 दिसम्बर से सात दिवस तक अभियान चलाया जाये, जिसके अन्तर्गत सभी बी.पी.एम. द्वारा लाईनलिस्ट तैयार कर बी.सी.एम. के माध्यम से आशाओं के द्वारा ग्रामीण स्तर तक पहुंचकर कार्य पूर्ण किया जाये, समस्त ब्लॉक की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुये बी.पी.एम. रौन को एस.सी.एन. देते हुये कार्य में सुधार न आने पर सेवा से पृथक किये जाने के निर्देश दिये, यह भी निर्देश दिये कि अभियान की समीक्षा दिनांक 08 दिसम्बर 2025 की शाम को व्ही.सी. के माध्यम से पुन: की जायेगी, अत: समस्त ब्लॉक उक्त दिनांक तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। समीक्षा के दौरान सी.एच.सी. पर कार्यरत आयुष्मान मित्र द्वारा केम्प लगाकर 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के समस्त हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये।

## विद्युत उपभोक्ता ने 9 .03 करोड़ के बिल की मूल राशि की जमा

**5 करोड़ 70 लाख 47 हजार 512 रूपये का सरचार्ज हुआ माफ**

**नवभारत न्यूज**


**भिण्ड, 29 नवम्बर।** महाप्रबंधक (संचा/संधा)म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. भिण्ड ने बताया है कि समाधान योजना 2025-26 का लाभ हजारों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 3 हजार 593 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 9 करोड़ 3 लाख 58 हजार 559 रूपये से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, तथा 5 करोड़ 70 लाख 47 हजार 512 रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है।

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं।

महाप्रबंधक श्री अमरेश शुक्ला द्वारा भिण्ड जिले के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है । यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमश: कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में जो कि 01 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल हेतु portal.mpcz.in पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय ऐप पर भी पंजीयन की सुविधा शीघ्र ही मिलने लगेगी। सभी सम्मानीय विद्युत उपभोक्ता से अनुरोध है कि समाधान योजना का लाभ लेवें एवं अस्थायी कनेक्शन विच्छेद होने वाली असुविधा से बचें।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष करैया का हुआ स्वागत



**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 29 नवम्बर।** नवनियुक्त मेहगांव मंडल अध्यक्ष रोहित करैया के प्रथम नगर आगमन पर स्वागत समारोह की काफी लंबी श्रंखला रही, सर्व प्रथम मंत्री राकेश शुक्ला के निवास पर युवा नेता आलोक राकेश शुक्ला ने किया भव्य स्वागत मालनपुर, गोहद चौराहा, जेतपुरा गिगरगी, बहुआ, अम्रतपुरा, खैरियाबाग, बरहद, के बाद मेहगांव नगर मे जगह जगह पुष्पा हार पहनाकर स्वागत समारोह की श्रंखला मे मुरेना रोड पर राकेश चौधरी नगर परिषद पार्षद के निज निवास पर शाँल श्रीफल भेट कर पुष्प हार पहनाकर भव्य किया, स्वागत समारोह मे पुरुषोत्तम राजौरिया, विनोद चौधरी, वार्ड न 1 के पूर्व पार्षद रामसेवक कुशवाह लौड़ी माता मंदिर पर श्रीमती बबली डॉ योगेन्द्र सिंह तोमर ने शॉल श्रीफल से स्वागत किया युवा टीम अतुल चौधरी देवेश चौधरी सतेंद्र गुर्जर धर्मेंद्र गुर्जर रजत मुदगल गणेश पाराशर शोखीराम जाटव प्रदीप परमार भगीरथ गुर्जर कालीचरण शाक्य पार्षद उदय सिंह गुर्जर पार्षद हेमंत गुर्जर रोमी टीकेत सहित बडी मात्रा मे लोगो ने मंडल अध्यक्ष करैया का स्वागत किया।

## सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती कैंप 1 दिसंबर को कोलारस में

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 नवम्बर।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बेरोजगार इच्छुक युवाओं के लिए शिवपुरी जिले में जागरूकता एवं पंजीयन शिविर लगाने की योजना बनाई गई है। इन शिविरों में सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर पशिक्षणोपरान्त स्थाई रोजगार दिया जाएगा। यह शिविर 27 नवम्बर से 09 दिसम्बर तक प्रात: 10 बजे से दोपहर 2.50 बजे तक शिवपुरी जिले में जनपद वार आयोजित किए जाएगें।

जिला रोजगार अधिकारी बी.एस.मीना ने बताया कि कंपनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को विस्तृत जानकारी हेतु 350 की लागत से विवरण पुस्तिका एवं एसआईएस का रजिस्ट्रेशन फॉर्म उपलब्ध कराकर प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण केन्द्र अनूपपुर भेजा जायेगा जहाँ एक माह का आवासीय प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों से रुपया 10500 लिया जाएगा। जिसका उन्हें किट प्रदान करवाई जाती है प्रशिक्षण उपरांत प्रशिणार्थि युवाओं को मध्य प्रदेश दिल्ली, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, एवं नोएडा इत्यादि क्षेत्रों में प्लेसमेंट दिया जाता है। भर्ती के लिये उम्मीदवार के पास आवश्यक योग्यताएं होनी चाहिए। जिसमें सुरक्षा जवान 10वीं पास एवं सुरक्षा सुपरवाइजर 12वीं पास एवं कंप्यूटर कोर्स पास होना चाहिए। आयु 19-40 वर्ष की, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर से ऊपर, वजन 58 से 90 किलो तक होना चाहिए। शिविरों में सुरक्षा जवान के लिए 545 पद एवं वेतन 14000-25000 तथा सुपरवाईजर 15 पद एवं वेतन 17000-32000 रहेगा। आयु 19 से 40 वर्ष की होना जरूरी है। उक्त शिविर 1 दिसंबर को ग्रामीण आजीविका भवन ज.पं. कोलारस, 2 दिसंबर को ग्रामीण आजीविका भवन ज.पं. बदरवास, 3 दिसंबर को ग्रामीण आजीविका भवन ज.पं. करेरा, 4 दिसंबर को ग्रामीण आजीविका भवन ज.पं. पिछोर, 5 दिसंबर को ग्रामीण आजीविका भवन ज.पं. खनियाधाना, 8 दिसंबर को ग्रामीण आजीविका भवन, ज.पं. नरवर तथा 9 दिसंबर को ग्रामीण आजीविका भवन शिवपुरी में आयोजित होगें।

## जिला न्यायालय के रजत जयंती समारोह ने रचा था इतिहास

**दिवंगत सीनियर एडवोकेट जेपी शर्मा के सहयोग से ही संभव हो सका**

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29नवम्बर।** शिवपुरी में जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना के 25 साल पूरे होने पर वर्ष 1994 में रजत जयंती समारोह का आयोजन सीनियर एडवोकेट श्री जेपी शर्मा जी के सहयोग से ही संभव हो पाया, एडवोकेट रमेश मिश्रा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है। शायद प्रदेश में ही नही देश में शिवपुरी एक मात्र जिला होगा जहां जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना का रजत जयंती समारोह आयोजित किया गया। रजत जयंती समारोह के आयोजन की स्वर्गीय न्यायमूर्ति सचिन द्ववेदी मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खण्ड पीठ ग्वालियर तथा तत्कालीन जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वर्गीय श्री आरबी दीक्षित की स्वीकृति मिलने के बाद जब दिवंगत सीनियर एडवोकेट जेपी शर्मा से सम्पर्क करने पर, वो रजत जयंती समारोह आयोजित करने के कार्य में सहयोग करने को सहर्ष तैयार हो गए। जेपी शर्मा एक जिंदादिल इंसान थे, रजत जयंती समारोह के आयोजन में जिला न्यायालय शिवपुरी के अनेक दिवंगत सीनियर एडवोकेट स्वर्गीय केएन पुराणिक, केएल गुप्ता, केवी लाल, प्रदीप भार्गव, एमडी गोयल आदि का भी सहयोग रहा, उनका भी पुण्य स्मरण करना प्रासंगिक है, न्यायिक कर्मचारी संघ में विवाद की स्थिति पैदा न हो, इस कारण जिला अभिभाषक संघ के तत्वावधान में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

**श्रीमहाकाल ट्रेडर्स का उर्वरक विक्रय अधिकार पत्र निरस्त**

**ग्वालियर।** जिले के किसानों को मानक एवं गुणवत्तायुक्त रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने के लिये विभिन्न खाद दुकानों से लगातार उर्वरकों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराई जा रही है। इस कड़ी में विकासखंड डबरा के अंतर्गत पिछोर स्थित मैसर्स श्रीमहाकाल ट्रेडर्स का उर्वरक विक्रय अधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया है। उर्वरक के भण्डारण एवं विक्रय से संबंधित नियंत्रण आदेश व नियमों के तहत उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

## अपहृत नाबालिग बालिका को किया बरामद, परिजनों को किया सुपुर्द

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में शिवपुरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए गुम हुये नाबालिग बालक बालिकाओं को दस्तयाब किया जा रहा है इसी क्रम मे आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना भौती के अप. क्रं. 359/2025 धारा 137(2) बीएनएस की अपहृता बालिका को दस्तयाव किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज राजपूत, उनि कुसुम गोयल, सउनि सरदार सिंह चौहान, सउनि मुनेन्द्र सिहं भदौरिया, महिला आरक्षक अनीता शर्मा, आरक्षक रवि शर्मा, आरक्षक पुस्पेंद्र सिंह चौहान की अहम भूमिका रही।

## रेत के अवैध परिवहन में लिप्त 4 वाहन जब्त

**ग्वालियर 29 नवंबर।** ग्वालियर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में शनिवार को सुबह कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर गई संयुक्त टीम द्वारा रेत के अवैध परिवहन के खिलाफ छापामार कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान रेत के अवैध परिवहन में लिप्त 3 ट्रेक्टर -ट्रॉली व एक डंफर सहित कुल 4 वाहन पकड़े गए हैं। तीनों ट्रैक्टर ट्रॉली थाना सिरोल में और डंफर को विधिवत हजीरा थाना में ज़ब्त कर रखा गया है। साथ ही वाहनों पर मप्र खनिज नियम 2022 के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई तहसीलदार सुरेश यादव रमाकांत तिवारी द्वारा की गई।

## सीएस की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी गठित

**कमांड क्षेत्र विकास आधुनिकीकरण को सुनिश्चित करेगी कमेटी**



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 नवंबर. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत मध्यप्रदेश की तीन नदी परियोजनाओं के कमांड क्षेत्र विकास आधुनिकीकरण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी का गठन किया गया है.**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास, वित्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, प्रमुख अभियंता, जल संसाधन, अभियांत्रिकी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, आयुक्तकमाण्ड क्षेत्र विकास भोपाल, मुख्य अभियंता, केन्द्रीय जल आयोग, भोपाल और मुख्य अभियंता (बोधी), जल संसाधन, भोपाल समिति में सदस्य होंगे.

## कांग्रेस संगठन को करेगी मजबूत




> बैठक में संगठन को सुदृढ़ करने, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की तैयारी, मतदाता सूची पुनरीक्षण और जमीनी स्तर पर कांग्रेस की उपस्थिति को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई. समिति ने राज्यभर में संपर्क और जनसंपर्क बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया.

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 28 नवम्बर. प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को राजनीतिक मामलों में समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ नेताओं ने संगठनात्मक और रणनीतिक मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया.**

बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना से जुड़े प्रमुख निर्णय भी लिए गए. इस बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व सांसद मिनाक्षी नटराजन, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और विजयलक्ष्मी साधो, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, पूर्व मंत्री बाला बच्चन, एआईसीसी सचिव कुणाल चौधरी और सत्यनारायण पटेल, हिना कांवरे, चंदन यादव, उषा नायडू, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, संगठन महामंत्री संजय कामले, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी, सेवादल संगठक अवनीश भार्गव, विधायक आरिफ मसूद तथा प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे.

## ग्वालियर में भी समारोहपूर्वक मनेगा गीता जयंती महोत्सव

**ग्वालियर 29 नवम्बर।** ग्वालियर जिले में भी 01 दिसम्बर को श्रद्धा भाव के साथ एवं समारोहपूर्वक गीता जयंती महोत्सव मनाया जायेगा। युगावतार भगवान श्रीकृष्ण के मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण प्रदेश में गीता जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। गीता जयंती सोमवार 01 दिसम्बर को जीवाजी विश्वविद्यालय के खेल मैदान में एक साथ 5100 सुधीय नागरिकों द्वारा गीता स्वाध्याय एवं श्रीमद् भागवत गीता अध्याय-15 पुरुषोत्तमयोग: का पाठ किया जायेगा। राज्य शासन के संस्कृति विभाग एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम् के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे इस समारोह की तैयारियों का कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शनिवार को जायजा लिया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरिओम चतुर्वेदी एवं पंडित कालीचरण शर्मा व डॉ. दिलीप समाधिया सहित आयोजन से जुड़े अन्य सेवाभावी नागरिक व संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने इस अवसर पर निर्देश दिए कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप गरिमामय ढंग से यह आयोजन सम्पन्न हो, इस बात को ध्यान में रखकर सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था रहे। साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि प्रतिभागी सुविधाजनक तरीके से निर्धारित स्थल तक पहुँच सकें।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में गंभीर गड़बड़ी




**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 28 नवम्बर. प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन में शुक्रवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें मतदाता सूची के जारी पुनरीक्षण अभियान में सामने आ रही गंभीर अनियमितताओं को उजागर किया गया.**

नेताओं ने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम या तो हटा दिए गए हैं या उन्हें मनमाने ढंग से दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे चुनावी व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया है.

प्रेस कांफ्रेंस को मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, संगठन महामंत्री डॉ. संजय कॉमले, प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी महेंद्र जोशी, मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रभारी ललित सेन, वरिष्ठ नेता जेपी धनोपिया तथा प्रदेश प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता और जितेंद्र मिश्रा ने संबोधित किया. हरीश चौधरी ने निर्वाचन आयोग पर अपने संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन में विफल रहने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम या तो गायब हैं या गलत तरीके से स्थानांतरित कर दिए गए हैं. उनका दावा था कि आयोग सत्तारूढ़ भाजपा के दबाव में काम कर रहा है. उन्होंने 14 दिसंबर को दिल्ली में विशेष पुनरीक्षण अभियान से जुड़े मुद्दों पर बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की और कहा कि कांग्रेस हर उस मतदाता की रक्षा करेगी जिसका नाम गलत तरीके से हटाया या बदला गया है.

**जीतू पटवारी का 'वोट प्रोटेक्टर अभियान'**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोषणा की कि बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतों को देखते हुए पार्टी 'वोट प्रोटेक्टर अभियान' शुरू करेगी. उन्होंने बताया कि 4 दिसंबर से जारी नई मतदाता सूची की निगरानी के लिए प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए जाएंगे, जो वोट प्रोटेक्टर की भूमिका निभाएंगे.

## जानकी सेना संगठन ने किया सुन्दरकाण्ड पाठ

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29नवम्बर।** श्रीबागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान श्रीमती ऊषा-रामप्रकाश गुप्ता, श्रीमती शिल्पी-कपिल गुप्ता परिवार के द्वारा कथा स्थल प्रांगण में अखिल भारतीय जानकी सेना संगठन के तत्वाधान में संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ किया गया, प्रात:10:30 बजे से कथा स्थल पर अनुशासित रूप से जानकी सेना संगठन के साथीगण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत, महासिचव नरेशप्रताप सिंह बॉबीराजा के साथ मिलकर सुंदरकाण्ड पाठ किया। यहां 1100 से अधिक सदस्य इसमें शामिल हुए।

## लापता नाबालिग लड़की को दो घन्टे के अंदर पहुंचाया घर

**शिवपुरी, 29नवम्बर।** बीती 27 नवम्बर को थाना फिजीकल पुलिस के द्वारा एक 08 वर्षीय नाबालिग बालिका घर से गुम हो गई जिसकी सूचना मिलने पर तत्काल थाना प्रभारी नम्रता भदौरिया के द्वारा इस घटना को गंभीरता से लिया गया और घटना के दो घंटे के अंदर ही नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया गया।